ख़बरें तो हैं हर जगह, सिर्फ़ हम बताते हैं उसका मतलब amarujala.com



नकल करते पकड़े गए दो सिपाही

एसआई भर्ती परीक्षा, एक-दूसरे की बदल रहे थे ओएमआर शीट

संवाद न्यूज एजेंसी

सहारनपुर। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लिंक रोड में पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा दे रहे दो सिपाही नकल करते पकड़े गए। दोनों एक-दूसरे की ओएमआर शीट बदलकर परीक्षा दे रहे थे। उनके खिलाफ प्रधानाचार्य की ओर से शहर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार भी किया है। दोनों बागपत के रहने वाले हैं।

पुलिस के मुताबिक, शनिवार को पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक थी। इसमें अपराह्न करीब 11:40 बजे राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लिंक रोड पर अभ्यर्थी अभिषेक निवासी किशनपुर बराल थाना रमाला बागपत और रोबिन खोखर निवासी मोहल्ला बंगला छपरौली जिला बागपत ओएमआर शीट बदलकर नकल कर रहे थे। इनका पता लखनऊ से जुड़े कैमरों से चला।

इनमें से अभ्यर्थी अभिषेक मुरादाबाद की 24 बटालियन पीएसी में तैनात है, जबकि रोबिन खोखर बिजनौर में न्यायिक अधिकारी के यहां कार्यरत है। इनके खिलाफ केंद्र प्रभारी एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अनीता सिंह ने शहर कोतवाली में तहरीर दी। इस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 303(2) व 318(4) भारतीय न्याय संहिता और सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 की धारा 4(1) व 13(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले की जांच उप निरीक्षक महेंद्र चौहान को सौंपी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने अन्य पहलुओं पर भी जांच शुरू कर दी है।

परीक्षा के दौरान शहर में रहा जाम, स्पेशल ट्रेन में सीट की जद्दोजहद

पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा दो पालियों में होने से शहर में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। देहरादून रोड, रेलवे रोड, घंटाघर से बीरम चौक और अंबाला रोड पर जाम रहा। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, रेलवे की ओर से चलाई गई परीक्षा स्पेशल ट्रेन भी खचाखच भरकर चली। अप-डाउन में ट्रेन बंपर भीड़ रही। हालत यह थी कि सीट मिलना तो दूर चढ़ना भी मुश्किल हुआ।

परीक्षा केंद्र राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में दो अभ्यर्थी आपस में ओएमआर शीट बदलकर नकल कर रहे थे। दोनों बागपत जिले के रहने वाले हैं और पुलिस विभाग में अलग-अलग जिलों में तैनात हैं। दोनों के खिलाफ शहर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

– अभिनंदन सिंह, एसएसपी

प्रधान पर हमले में आठ पर रिपोर्ट दर्ज

गंगोह। गांव बंटाहेड़ी के प्रधान ने गांव के ही आठ लोगों पर रास्ता रोककर जानलेवा हमला करने और बाद में घर पर पहुंचकर फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम प्रधान सुशील ने कोतवाली में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया कि 11 मार्च की शाम वह अपने घर जा रहे थे। रास्ते में अनिल के घर के सामने अभिषेक ने बाइक लगाकर उनका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

इसी दौरान उसने रोबिन को बुला लिया, जिसने तेजधार हथियार से हमला करने का प्रयास किया। हमले में उनकी कार का शीशा टूट गया, जबकि वह बाल-बाल बच गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। संवाद

दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट, सात पर रिपोर्ट दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

बड़गांव। दहेज में कार व पांच लाख की नकदी न लाने पर ससुरालियों की ओर से विवाहिता के साथ कथित तौर पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट में विवाहिता के गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो गई।

आरोप है कि देवर व ननदोई ने विवाहिता पर अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाकर मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति, सास, ससुर, देवर, ननद, ननदोई सहित सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 2024 में रतनपुरी (इंचौली) निवासी युवक के साथ हुई थी। विवाह में 10 लाख कैश व सोने चांदी के जेवरात और फर्नीचर में करीब 60 लाख रुपया खर्च कर बेटी को विदा किया था। आरोप है ससुराल वाले एक माह बाद ही विवाहिता को कम दहेज लाने के ताने देकर दहेज में पांच लाख रुपये व कार की मांग करने लगे। आरोप है कि विवाहिता के मना करने पर सास व ननद ने विवाहिता के साथ पति की गैरमौजूदगी में मारपीट की।

दहेज में कार व पांच लाख की नकदी न लाने पर ससुरालियों ने किया परेशान

पीड़िता के मुताबिक पिछले महीने 27-28 फरवरी की देवर सन्नी व ननदोई रवि ने चरनौंपत्ते में विवाहिता को अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। पीड़िता 29 नवंबर को देवर सन्नी व छोटी ननद निशा ने विवाहिता को प्रताड़ित करने के लिए मारपीट की।

मारपीट में विवाहिता के गर्भ में आठ माह के शिशु की मौत हो गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति अरुण, ससुर दिनेश, सास सुमन, देवर सन्नी, ननद निशा, शिंकी व ननदोई रवि के खिलाफ दहेज सहित अन्य कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

बिना लाइसेंस संचालित होती मिली मीट की दुकान

देवबंद। पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संयुक्त चेकिंग अभियान के तहत मीट की दुकानों पर जांच की गई। इस दौरान बिना लाइसेंस चल रही एक दुकान का चालान काटा गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ विभिन्न इलाकों में पहुंचे और मीट की दुकानों की जांच की। अभियान के दौरान मोहल्ला जामा मस्जिद, मोहल्ला खानकाह, मोहल्ला अबुलमालों और मोहल्ला मोरो तेलियान क्षेत्र में संचालित करीब नौ मीट की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान मोहल्ला अबुलमालों निवासी इस्लाम बिना पंजीकरण लाइसेंस दुकान का संचालन करता पाया गया। जिसके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसकी दुकान का चालान किया गया।

इसके अलावा टीम ने अन्य मीट दुकानदारों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने और दुकान पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। संवाद

स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध दो मोहल्लों में जमकर हंगामा



रामबाग कॉलोनी में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते लोग। फोटो : वीडियोग्राब

संवाद न्यूज एजेंसी

गंगोह। नगर में बिजली निगम द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर लोगों का विरोध तेज हो गया है। रामबाग कॉलोनी और बुद्धगढ़ में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची निगम टीम का स्थानीय लोगों ने विरोध किया, जिसके बाद टीम को लौटना पड़ा। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बता दें कि नगर में बिजली निगम पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान चला रहा है। इससे पहले मोहल्ला इस्लाही बस्ती में भी स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर लोगों ने हंगामा किया था।

लोगों का कहना था कि पहले अन्य मोहल्लों, विशेषकर कुरैशियान में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं, उसके बाद उनके क्षेत्र में लगाए जाएं। इस संबंध में बिजली निगम के एसडीओ अंकुश वर्मा ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशों के तहत पुराने मीटरों के स्थान पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।



अवैध कब्जे की शिकायतों पर टीम भेजकर कराई जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

चिलकाना। थाना परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों ने अनेक समस्याएं पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने मौके पर राजस्व व पुलिस टीम भेजकर जांच कराते हुए कई मामलों का निस्तारण कराया।

शनिवार को गांव पटनी निवासी राकेश कुमार शर्मा ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव की खेल के मैदान की सरकारी भूमि, खसरा संख्या 746/0.124, 747/0.051 तथा 748/0.0051 पर कब्जा होने के कारण प्रस्तावित पौध रोपण तथा नर्सरी विकास का कार्य प्रभावित है। उन्होंने भूमि को कब्जा मुक्त कराकर सजरा दुरुस्ती कराने की मांग की। राकेश शर्मा के अनुसार इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी।

गांव घोड़ोपीपली निवासी मुल्कीराम ने सरकारी चकरोड से अवैध कब्जा हटवाने और पेड़ों की कटान रुकवाने की मांग की। उनका कहना था कि पूर्व में अधिकारियों के निर्देश के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समाधान दिवस में एएसपी सिमरन सिंह ने संबंधित विभागों को मामलों की जांच कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है और शेष प्रकरणों का भी समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान थाना प्रभारी विनोद कुमार आदि रहे।

अंबेहटा कस्बे में विद्युत आपूर्ति का समय बढ़ा

अंबेहटा। गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह के प्रयास से कस्बे को मिलने वाली बिजली आपूर्ति का समय बढ़ गया है। कस्बे को अब साढ़े 21 घंटे बिजली मिलेगी। भाजपा नेता तुषार चौहान व शुभम सिरोही ने गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह से मुलाकात कर नगर पंचायत को नियमानुसार बिजली आपूर्ति कराने की मांग की थी। विधायक चौधरी किरत सिंह ने इस विषय में उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। इसके क्रम में कस्बे में बिजली आपूर्ति का समय 18 घंटे से बढ़ाकर 21.3 घंटे कर दिया गया है। उधर, विद्युत निगम के अवर अभियंता अश्विनी चौबे ने इसकी पुष्टि की है। संवाद

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! | punjab national bank ...the name you can BANK upon!

परिसंपत्ति पुनर्प्राप्ति प्रबंधन, पीएनबी भवन सी 01 वेद्व व्यास पुरी, दिल्ली बाईपास रोड, मेरठ– 250002, ई–मेलः cs8278@pnb.bank.in

नीलामी सूचना E-Auction के आधार पर

ई-नीलामी विक्रय सूचना सिक्योरिटाइजेशन एवं पुनर्निर्माण वित्तीय आस्तियों तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।

इसके द्वारा सामान्य जनसाधारण को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में बंधक/चार्ज की गई है तथा जिसकी निर्मित/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को "जहाँ है जैसे है", "जो है जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर विक्रय किया जाएगा। यह विक्रय संबंधित उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) से बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के बकाया देयकों की वसूली हेतु किया जा रहा है। संबंधित संपत्तियों के लिए आरक्षित मूल्य तथा अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट का विवरण नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

क्र0 सं0	शाखा/खाता/ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण दृष्टिबंधक/प्रभार/बंधक/मालिक का नाम (संपत्ति के बंधककर्ता)	(ए) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(2) की तिथि (बी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धार 13 (2) के तहत मांग सूचना (सी) दिनांक 28.02.2026 तक शेष राशि (डी) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(4) की तिथि (ई) कब्जे के प्रकार प्रतीकात्मक/भौतिक/सांकेतिक	(ए) रिर्जव मूल्य (लाख में) (बी) ईएमडी मूल्य एवं जमा करने तिथि एवं समय (सी) बोली वृद्धि राशि	ई–नीलामी की तिथि/दिनांक सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि	बैंक को ज्ञात लेनदारों के प्रभार का विवरण
1	**शाखाः एआरएमबी, मेरठ** श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री बलजीत सिंह, पताः मकान संख्या 140, रोहित विहार कॉलोनी, ग्रीन पार्क के सामने, दिल्ली रोड, सहारनपुर- 247001, श्री सुशील कुमार पुत्र श्री बलजीत सिंह, पताः मकान संख्या 140, रोहित विहार कॉलोनी, ग्रीन पार्क के सामने, दिल्ली रोड, सहारनपुर- 247001। श्री देशराज कुमार पुत्र श्री बलजीत सिंह, पताः मकान संख्या 140, रोहित विहार कॉलोनी, ग्रीन पार्क के सामने, दिल्ली रोड, सहारनपुर- 247001। **गारंटरः** श्रीमती कस्तूरी देवी, पताः मकान संख्या 6362, गली संख्या 12, जे.जे. पुरम कॉलोनी, मधुबन विहार, दिल्ली रोड, सहारनपुर।	एक आवासीय मकान, जो प्लॉट संख्या 122-ए पर निर्मित है, जिसका क्षेत्रफल 150.00 वर्ग गज अर्थात् 125.41 वर्ग मीटर है। आयाम- पूर्वः 45 फीट, पश्चिमः 45 फीट, उत्तरः 30 फीट, दक्षिणः 30 फीट। खसरा संख्या 197एम, स्थित मौजा मोहदपुर माफी बायरून, परगना तहसील एवं जनपद सहारनपुर, दर आबादी रोहित विहार कॉलोनी, सहारनपुर। सम्पत्ति स्वामीः श्री सुरेन्द्र कुमार, श्री देशराज कुमार, श्री सुशील कुमार, संपत्ति की सीमाएँ निम्नानुसार हैंः पूर्वः अन्य व्यक्ति का मकान, प्लॉट संख्या 122-बी पर निर्मित, पश्चिमः प्लॉट संख्या 122-ए का हिस्सा, उत्तरः 25 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः श्री सतीश शर्मा का मकान।	(ए) 18.05.2021 (बी) रू0 31,16,978.70 + ब्याज + कानूनी एवं अन्य खर्चे (सी) रू0 52,06,544.7 + ब्याज + कानूनी एवं अन्य खर्चे (डी) 02.02.2022 (ई) सांकेतिक कब्जा	रू0 45.00 लाख रू0 4.50 लाख 29.03.2026 04.00 बजे तक रू0 0.50 लाख	**30.03.2026** सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक **29.03.2026**	ज्ञात नहीं

विक्रय सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) नियम, 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन होगा तथा इसके अतिरिक्त निम्नलिखित शर्तें भी लागू होंगीः-

1. संपत्तियों का विक्रय "जहाँ है जैसे है", "जो है जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जाएगा।
2. उपरोक्त अनुसूची में उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, तथापि इस घोषणा में किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलत विवरण अथवा चूक के लिए प्राधिंत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा।
3. विक्रय, अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी मंच के माध्यम से www.pnbindia.in एवं https://baanknet.in वेबसाइट पर दिनांक 30.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक किया जाएगा।
4. ई-नीलामी में भाग लेने हेतु बोलीदाता को आरक्षित मूल्य से कम से कम एक बोली अधिक लगाना अनिवार्य होगा।
5. विक्रय की विस्तृत शर्तों एवं नियमों के लिए कृपया www.pnbindia.in एवं https://baanknet.com वेबसाइट देखें।

हस्ताक्षरित-
श्री नवीन प्रकाश (मोबाइल नंबरः 7060208081)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक

दिनांकः 14.03.2026 स्थान – मेरठ प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति लेनदार